Seat No. : _______________

AC-113

April-2019

B.Ed., Sem.-II

B-102 : Hindi

(New)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, विकल्प आंतरिक हैं ।

(2) दायीं ओर के अंक गुणभार दर्शाते हैं ।

(3) अनावश्यक लेखन क्षतियुक्त माना जाएगा ।

1. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) कक्षा में बालकों के पिछड़ेपन के कारण बताते हुए उसके उपचारात्मक कार्य लिखिए ।

(2) मूल्यांकन की कोई एक व्याख्या समझाते हुए उसका महत्त्व स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

(1) आदर्श प्रश्नपत्र की संरचना करते समय आप किन मुद्दों को ध्यान में रखेंगे ? चर्चा कीजिए ।

(2) इन्टर्नशीप कार्यक्रम का महत्व स्पष्ट करते हुए कार्यक्रम के दौरान की जानेवाली प्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से लिखिए ।

(ब) निम्नलिखित छः प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**

(1) इन्टर्नशीप का अर्थ लिखिए ।

(2) ब्लूप्रिन्ट महत्त्व दर्शाते किन्हीं दो मुद्दे बताइए ।

(3) निदानात्मक शिक्षा का अर्थ लिखिए ।

(4) अनात्मलक्षी कसौटी दूसरे किस नाम से जानी जाती है ?

(5) उपचारात्मक शिक्षा का कोई एक लाभ बताइए ।

(6) प्रश्नपत्र की रचना में कौन-कौन से प्रकार के प्रश्न होते हैं ?

2. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) काव्य शिक्षा की विभिन्न पद्धतियों की सविस्तृत चर्चा कीजिए ।

(2) विद्यार्थियों में कौन-कौन से वाचन दोष पाये जाते हैं ? वाचन दोष के प्रमुख कारण एवम् उपाय बताइए ।

अथवा

(1) व्याकरण शिक्षा की पद्धतियाँ कौन सी है ? किन्हीं दो पद्धतियों के बारे में विस्तार से समझाइए ।

(2) भाषा शिक्षा के सिद्धान्त सूत्रों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

(ब) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3**

(1) वाचन के प्रकारों के नाम लिखिए ।

(2) रचना शिक्षा को विषय की दृष्टि से कितने भागों में बाँट सकते हैं ?

(3) भाषा सीखने के लिए किन कौशल्यों की आवश्यकता हैं ?

(4) गद्य पाठ की शिक्षा में उपयोगी कोई दो विधि बताइए ।

(5) मौखिक अभिव्यक्ति के विकास की कोई दो प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

3. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) परोक्ष विधि के लाभालाभ समझाइए ।

(2) व्याख्यान शिक्षा के गुण और मर्यादाओं की सविस्तृत चर्चा कीजिए ।

अथवा

(1) प्रत्यक्ष विधि और परोक्ष विधि में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

(2) डॉ. वेस्ट विधि की विशद् चर्चा कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित छः प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**

(1) व्याकरण अनुवाद प्रणाली किस विधि को कहते हैं ?

(2) प्रत्यक्ष विधि के कोई एक मूल तत्त्व का नाम लिखिए ।

(3) किस विधि में मातृभाषा का उपयोग नहीं होता ?

(4) परोक्ष विधि किसे कहते हैं ?

(5) डॉ. वेस्ट का पूरा नाम लिखिए ।

(6) व्याकरण पर जोर किस विधि में दिया जाता है ?

4. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्नसमूह का उत्तर दीजिए : **14**

(1) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार सोदाहरण समझाइए ।

(2) हिन्दी शिक्षक के पद हेतु आवेदन–पत्र तैयार कीजिए ।

अथवा

(1) प्रत्यय के प्रकारों को सोदाहरण समझाइए ।

(2) व्यंजन संधि किसे कहते हैं ? व्यंजन संधि के विविध नियम सदृष्टांत लिखिए ।

(ब) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3**

(1) उपसर्ग किसे कहते हैं ?

(2) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार हैं ?

(3) स्वर संधि किसे कहते हैं ?

(4) संधि विग्रह कीजिए : स्वागत, अतीत

(5) ‘ममता ने खाना खाया ।’ – कर्मणि वाक्य बनाइए ।